अपने नए मिशन आधारित समुदाय की स्थापना करना

चरण



1 चुनें

कहाँ? आपके निकट का एक समुदाय जिसे यीशु को जानने की आवश्यकता है।

कौन? आपको उस समुदाय से जोड़ने के लिए एक शान्ति का व्यक्ति

किसके साथ? एक तीमुथियुस को बढ़ाने के लिए उसका पालन-पोषण करना होगा।

2 दिखाएँ

जीसस फिल्म को 10 या अधिक लोगों के समूह के साथ साझा करें और उन्हें यीशु के बारे में जानने के लिए वापस आने के लिए आमंत्रित करें।



3 आरम्भ करें

तीन-तिहाई 3/3 प्रारूप वाली शिष्यता प्रशिक्षण प्रक्रिया का उपयोग करके अपने मिशन आधारित समुदाय के साथ मिलना शुरू करें।

4 गुणन करें

अपने तीमुथियुस को अपना स्वयं का मिशन आधारित समुदाय शुरू करने के लिए भेजें।



महत्वपूर्ण शब्द

शान्ति का व्यक्ति

एक व्यक्ति ऐसा जो सम्मानित है, आत्मिक रूप से रुचि रखता है और मित्रों और परिवार को *जीसस* फिल्म देखने के लिए आमंत्रित करने का इच्छुक है। (लूका 10:6)

तीमुथियुस

एक ऐसा विश्वासी जो सिखाने योग्य, विश्वास योग्य है और मिशन आधारित समुदाय को बढ़ाने के लिए उपलब्ध है। (तीमुथियुस 2:2)

मिशन आधारित समुदाय

एक विस्तारित परिवार के आकार का एक आत्मिक समुदाय, जो बढ़ता है और नए आत्मिक समुदाय शुरू करके बहुत से लोगों के लिए काम करता है।

मिशन आधारित समुदाय की सभा के लिए 3/3 शिष्यता ढाँचा

पीछे देखना

पीछे देखने का अर्थ एक दूसरे की देखभाल करना साथ ही परमेश्वर की विश्वासयोग्यता और एक दूसरे की उन्नति काउत्सव मनाना है।

देखभाल करें

अपने जीवन की बातें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक, आत्मिक आवश्यकताएँ, इत्यादि) साझा करें और एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

आराधना करें

गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाही के साथ परमेश्वर की स्तुति करें।

दर्शन प्रदान करें

साझा करें कि आप यीशु के बेहतर चेले कैसे बन सकते हैं और आपका समुदाय मसीह के लिए दूसरों तक पहुँचने के लिए क्या कर सकता है।

जवाबदेह रखें

साझा करें कि आप वचन का पालन कैसे कर रहे हैं और चेले कैसे बना रहे हैं।

ऊपर देखना

ऊपर देखने का अर्थ मिलकर परमेश्वर की वाणी को सुनना है। अपने टैबलेट पीसी या स्मार्टफोन का इस्तेमाल करके **जीसस** फिल्म कि अगली क्लिप देखें और उस पर चर्चा करें।

चरण

1. **दिखाएँ:** खण्ड को दो बार देखें। × 2
2. **बताएँ:** समूह के किसी सदस्य को कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
3. **पूरा करें:** समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
4. **चर्चा करें:**
   - आपको कहानी में सबसे अच्छा क्या लगा?
   - इस खण्ड में हम परमेश्वर के बारे में क्या सीख सकते हैं?
   - इस खण्ड से हम मनुष्यजाति के बारे में क्या सीख सकते हैं?
   - क्या इस खण्ड में कोई पालन करने योग्य सिद्धांत या आज्ञा है?
   - क्या कोई ऐसा पाप जिससे आपको बचना चाहिए?
   - क्या अनुसरण करने के लिए कोई उदाहरण है?

आगे देखना

आगे देखने का अर्थ पाठ को लागू करके, कहानी का अभ्यास करके और मिलकर प्रार्थना करने के द्वारा मिशन के लिए तैयारी करना है।

लागू करें

- अपने समूह में साझा करें कि आपका क्या मानना है कि अपने आज जो सीखा उसके विषय में परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।
- अपने समुदाय के किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोचे जिसे यह कहानी सुनने की आवश्यकता है।

अभ्यास करें

- एक दूसरे को कहानी बताना।

आमंत्रित करें

- आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपनी अगली समूह बैठक में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना करें

- हमने जो कुछ सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद करें।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।